





# रीवा हवाई अड्डे से उड़ेगा एटीआर-72 कोलकाता के लिये

## इंदौर-दिल्ली, रायपुर के बाद अब कोलकाता का सफर आसान, 9 अगस्त से शुरू होगी उड़ान



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, रीवा एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है. अभी तक रीवा से इंदौर, दिल्ली और रायपुर के लिये हवाई सेवा थी और अब रीवा-कोलकाता एवं रीवा-भोपाल 72 सीटर विमान 9 अगस्त को उड़ान भरेगा. कोलकाता से सीधे रीवा जुड़ सकेगा, निश्चित रूप से उद्योग, व्यापार, पर्यटन के साथ निवेश की संभावनाओं को नई गति मिलेगी. यह सब संभव हुआ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के भागीरथ प्रयास से.**


डिप्टी सीएम के प्रयासों और राज्य सरकार व अलायंस एयर के बीच सब्सिडी पर सहमति बनने के बाद इस सेवा का आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया गया है. कंपनी ने टिकट बुकिंग विंडो भी ओपन कर दिया है. बढ़ती आवश्यकता एवं भविष्य को देखते हुए चोरहटा हवाई पट्टी को अपग्रेड करने का फैसला राज्य सरकार द्वारा लिया गया था और आनन फानन में इसे हवाई अड्डा के रूप में विकसित किया गया. जिसके बाद इसका उद्घाटन अक्टूबर 2024 में हुआ. तब से रीवा से दिल्ली, रायपुर छत्तीसगढ़, इंदौर के लिए हवाई सेवा जारी है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से सौजन्य भेंट की. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 9 अगस्त से प्रारंभ होने जा रही रीवा-कोलकाता एवं रीवा-भोपाल (72 सीटर) विमान सेवाओं के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया.

**हफ्ते में 3 दिन उड़ान** -यह हवाई सेवा 9 अगस्त से शुरू हो रही है. हालांकि इसका उद्घाटन रविवार को हो रहा है, जबकि नियमित रूप से यह सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित की जाएगी. अलायंस एयर का विमान कोलकाता से उड़कर रीवा पहुंचेगा और फिर यहां से भोपाल के लिए रवाना होगा. विंध्य के लोगो को बड़ी राहत मिलेगी.

### रीवा-भोपाल और कोलकाता फ्लाइट का शेड्यूल

| रूट प्रस्थान | आगमन | | कुल समय |
|---|---|---|---|
| कोलकाता-रीवा | दोपहर 1.10 | दोपहर 3.15 | 2 घंटे 5 मिनट |
| रीवा-भोपाल | दोपहर 3.40 | शाम 5.10 | 1 घंटा 30 मिनट |
| भोपाल-रीवा | शाम 5.35 | शाम 7.05 | 1 घंटा 20 मिनट |
| रीवा-कोलकाता | रात 7.30 | रात 9.40 | 2 घंटा 10 मिनट |

### पर्यटन एवं निवेश की संभावनाओं को नई गति मिलेगी



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हवाई संपर्क का लगातार विस्तार हो रहा है. रीवा से कोलकाता एवं भोपाल के लिए शुरू होने वाली नई विमान सेवाएं विंध्य क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं निवेश की संभावनाओं को नई गति देंगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. उन्होने कहा कि बेहतर हवाई संपर्क से विंध्य क्षेत्र राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से और अधिक सशक्त रूप से जुड़ेगा तथा स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, उद्यमियों और पर्यटकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा.



## निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, पार्किंग प्रबंधन के लिये बनेगी कार्य योजना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, शिल्पी प्लाजा एवं संलग्न बाजार क्षेत्र में पार्किंग प्रबंधन को लेकर कार्य योजना बनाई जाएगी ताकि यातायात व्यवस्था व्यवस्थित रहे. नगर पालिक निगम आयुक्त अक्षत जैन ने मंगलवार को शिल्पी प्लाजा एवं संलग्न बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर पार्किंग व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया.**

भ्रमण के दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग, यातायात दबाव एवं आमजन को आवागमन में हो रही असुविधा का अवलोकन किया. निरीक्षण उपरांत आयुक्त श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिल्पी प्लाजा एवं संलग्न बाजार क्षेत्र में व्यवस्थित पार्किंग प्रबंधन हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए. कार्ययोजना में पार्किंग हेतु स्थलों का चिन्हांकन, मार्किंग, संकेतक बोर्ड तथा सुगम यातायात हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को सम्मिलित किया जाए. आयुक्त ने कहा कि बाजार क्षेत्र में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था लागू होने से व्यापारियों एवं आमजन दोनों को सुविधा होगी तथा यातायात दबाव में कमी आएगी.

उन्होंने कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. इसके अतिरिक्त उन्होंने सफाई गोदाम का भी निरीक्षण किया. गोदाम सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए एवं कहा कि सभी स्टॉक पंजी नियमित रूप से संधारित की जाए एवं प्रतिदिन का लॉग नियमित रूप से दर कर भरें. भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 7 को

**रीवा,** मध्यप्रदेश पर्यटन संपदाओं से भरा-पूरा प्रदेश है. प्रदेश के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इस क्रम में जिले में 7 अगस्त को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. इस संबंध में जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस आशीष दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराना है. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का पंजीयन किया जा चुका है. प्रतियोगिता के लिए रीवा और मऊगंज जिले की कुल 184 टीमों का पंजीयन हुआ है. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में 7 अगस्त को लिखित परीक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीके सांदीपनि विद्यालय रीवा में आयोजित की जायेगी. लिखित परीक्षा के बाद चुनी गई 6 सर्वश्रेष्ठ टीमों को प्रतियोगिता के दूसरे चरण में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में मल्टी मीडिया राउंड में भाग लेना होगा. इनके तीन विजेता तथा तीन उप विजेता टीमों को पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश में भ्रमण के लिए कूपन और मेडल प्रदान किये जायेंगे.



### 4 स्थानों पर चलेगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

**रीवा,** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 7 अगस्त से 8 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जाएगा. अभियान के तहत अगस्त माह में जिले में 4 शिविर लगाए जाएंगे. अभियान का शुभारंभ सिरमौर विकासखण्ड में 7 अगस्त को ग्राम पंचायत सुरवार में आयोजित शिविर से होगा. इस शिविर में ग्राम पंचायत सुरवार, राजगढ़, दुलहरा, कररिया, बेलवा सुरसरी, खैरहन तथा सदहना ग्राम पंचायतें शामिल होंगी. इन ग्राम पंचायतों के सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी योजना में दर्ज आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा जनसंवाद एवं उद्योग संवाद में शामिल होने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारी शिविर में शामिल होने के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, छात्रावास, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान आदि का निरीक्षण भी करेंगे. कलेक्टर ने बताया कि अगस्त माह में कुल 4 शिविर लगाए जा रहे हैं.

### वरदान साबित होगी 'कवच' योजना : शुक्ल

**रीवा,** भारतीय जनता पार्टी मीडिया के प्रदेश सदस्य योगेंद्र शुक्ला ने मंगलवार को मध्य प्रदेश मंत्रि परिषद की बैठक में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए 32,070 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यो, जनकल्याकारी नीतियों एवं किसान हितैषी योजनाओं की स्वीकृति देने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद ने प्रदेश की प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के डिफाल्टर किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 'कवच' योजना को हरी झंडी दे दी है.

### कार्यों को समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : सीईओ

**रीवा,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई. बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री एवं बीसी, एसबीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. श्री गुर्जर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, एक बगिया माँ के नाम, जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण एवं गैप फिलिंग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा भवन निर्माण एवं राजस्व स्त्रोत सृजन की प्रगति की समीक्षा की गई. सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आरईएस विभाग की 49 शिकायतों के संबंध में अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 7 लंबित शिकायतों में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए. जनपद पंचायतों को 100 दिवस की लंबित शिकायतें आगामी दो दिवस में निराकृत करने के निर्देश दिए गए। एक बगिया माँ के नाम योजना में प्रगतिरत कार्यों की कम वित्तीय प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में वृक्षारोपण, गैप फिलिंग एवं सामग्री देयकों की पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. जल गंगा संवर्धन अभियान के लंबित कार्यों को 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए.

## 9 से 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, जिले भर में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा.**

अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि अभियान के दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अभियान से जोड़ें. हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रीय भावना के साथ मनाएं. कलेक्टर ने कहा है कि अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके अभियान के लिए वातावरण का निर्माण करें. देश के स्वतंत्रता तथा राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें. तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला बनाकर तथा प्रभातफेरी के माध्यम से हर व्यक्ति को इस अभियान में सहभागी बनाएं. सभी अधिकारी भी हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभायें. अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, तिरंगा मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित करें. जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर अभियान से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कराएं.

कलेक्टर ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं.




## हरी झंडी दिखाकर फसल बीमा रथ को किया गया रवाना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, खरीफ सीजन 2026-27 में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.**


इस रथ को उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा उप संचालक पशुपालन डॉ. योगेन्द्र सिंह ने हरी झण्डी दिखाई. यह रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित करेगा. इस संबंध में उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल बीमा रथ जिले के सभी हल्कों का भ्रमण कर किसानों को योजना की जानकारी देगा तथा फसल बीमा के प्रति जागरूक करेगा. कृषि विभाग ने बताया कि खरीफ मौसम 2026 के लिए किसानों को 17 अगस्त तक धान की फसल का बीमा कराने का अवसर दिया गया है.

योजना के तहत अलनीनो सहित सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, ओलावृष्टि, प्राकृतिक आपदाओं एवं कीट प्रकोप से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. कार्यक्रम में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रबंधक भूपेन्द्र सेन सहित फसल बीमा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे.

## अवैध खनिज उत्खनन व शराब पर सख्ती से कार्यवाही हो : शीलेन्द्र

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, नल-जल योजना के कार्य में प्रति सप्ताह प्रगति लाई जाए, अधिक से अधिक नल कनेक्शन स्थापित किए जाएं. नल-जल योजना की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य की प्राप्ति की जाए.**



यदि लक्ष्य प्राप्त करने में इंजीनियरों द्वारा लापरवाही प्रदर्शित की जाती है तो उन पर प्राथमिकता से कार्रवाई करना भी सुनिश्चित किया जाए. उक्त निर्देश रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समय सीमा की बैठक में पीएचई विभाग के अधीक्षण यंत्री को दिए. कमिश्नर ने कहा कि यदि विभाग का अमला सक्रिय होकर नल-जल योजना का कार्य संपादित नहीं कर रहा है तो विभागीय अमले को नोटिस देकर उनकी डीई अनिवार्य रूप से की जाए. कमिश्नर ने निर्देश दिए कि पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए. कमिश्नर ने राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के पूर्व ही अपने विभाग की सभी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से कर लें. कमिश्नर ने संभागीय खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध खनिज उत्खनन भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावशील तरीके से रोक लगाएं एवं जहां भी खनिज उत्खनन की शिकायत प्राप्त हो रही है वहां पर जाकर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने संभागीय आबकारी अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह अवैध शराब की बिक्री पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें.

## कमिश्नर ने आम जनों की शिकायतें सुनी

### अन्य जिलों से भी आवेदन लेकर पहुंचे पीड़ित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, जनसुनवाई में रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली तथा सतना जिले से आए आवेदकों की शिकायत एवं समस्याओं की सुनवाई की तथा निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए.**

जनसुनवाई में पहुंची सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कौशल्या वर्मा ने बताया कि वह प्राथमिक शाला शिवपुरवा से 6 वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुई हैं. लेकिन अभी तक उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान नहीं हुआ है. उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की राशि की भुगतान की मांग की. कमिश्नर ने संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को संपूर्ण प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार सेवानिवृत्त शिक्षिका को ग्रेच्युटी एवं पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में आए ग्राम सेमरी जिला सतना के विवेक कुमार तिवारी ने शिकायत पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की.

### कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 7 तक

**रीवा, 4 अगस्त.** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 7 अगस्त तक भरे जा सकते हैं. पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर अब 7 अगस्त कर दिया गया है. इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं.

## अवैध कब्जा हटाने सहित कई मामले पहुंचे जनसुनवाई में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आमजनता के 563 आवेदन पत्रों में सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को सात दिवस में आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए.**



कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने अनुभाग में जनसुनवाई के आवेदनों की नियमित समीक्षा करें. तहसील स्तर के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित कराएं. सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदनों का संवेदनशीलता और तत्परता से निराकरण करें. जनसुनवाई में लक्ष्मण वर्मा निवासी भनिगवां ने आम रास्ते से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार जवा को मौके पर कार्यवाही के निर्देश दिए. रमेश प्रताप सिंह निवासी करहिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए ग्राम पंचायत सचिव द्वारा राशि की मांग की शिकायत की. कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत सिरमौर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. रामनिहोर कोल तथा 15 अन्य आवेदकों ने ग्राम मठा सेंगरान तहसील मनगवां में जमीन पर कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां को आवेदन की जांच करके समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए. मारू शुक्ला निवासी रायपुर सोनौरी ने उनकी जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा अतिक्रमण करने वालों को जेल भिजवाने के लिए आवेदन दिया.

## हर घर तिरंगा अभियान के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, जिले भर में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा.**

अभियान के दौरान भाषण, रैली, प्रभातफेरी, मोटरसाइकिल रैली, मानव श्रंखला तथा अन्य आयोजनों से आमजनों को घरों में तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा. अभियान के दौरान देश के स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अभियान में नगर निगम रीवा के लिए आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन तथा सभी नगर परिषदों के लिए संबंधित सीएमओ को नोडल अधिकारी बनाया है.

ग्रामीण क्षेत्र के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है. ग्रामीण क्षेत्र के समस्त अभियान के समन्वय की जिम्मेदारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को सौंपी गई है. हर घर तिरंगा अभियान की मानीटरिंग होगी.

## शहर की सड़कों में पैचवर्क के साथ नगर निगम पाट रहा गड्ढे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अगस्त, शहर के अंदर क्षतिग्रस्त सड़को पर पैच वर्क एवं जहा पर पानी निकासी की व्यवस्था नही है वहा पानी निकासी के लिये व्यवस्था बनाए जाने के साथ कच्ची सड़क पर गढ्डे पाटे जा रहे है.**

इस बार तेज बारिश नही हुई, उसके बाद भी खस्ताहाल सड़के चलने लायक नही है. जिसका मरम्मत कराया जा रहा है. नगर निगम द्वारा शहर भर में तेजी से कार्य किया जा रहा है. वार्ड क्रमांक 16 आजाद नगर में वर्षा के कारण सड़क एवं आसपास के क्षेत्र में जलभराव होने से क्षेत्रवासियों को काफी समस्या हो रही थी, जिसे नगर निगम की टीम द्वारा ह्यूम पाइप डालकर आवागमन पुन: सुचारु कराया गया तथा क्षेत्र को



जलभराव मुक्त किया गया. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 43 कहारन टोला में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु ह्यूम पाइप डालकर जल निकासी की व्यवस्था सुचारु की गई. वहीं जोन क्रमांक 01 के वार्ड क्रमांक 03 अंतर्गत संतोष कनोजिया के घर के पास मार्ग पर पैचवर्क एवं गड्ढा मरम्मत का कार्य कर मार्ग को सुगम बनाया गया. साथ ही वार्ड क्रमांक 04 में क्षतिग्रस्त सड़क पर सीआरएम डालकर मार्ग को आवागमन योग्य बनाया गया. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 02 में भी क्षतिग्रस्त सड़क पर सीआरएम डालकर मार्ग को पूर्णत: आवागमन योग्य बनाया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सके. इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 43 में आवास के पीछे क्षतिग्रस्त सड़क पर सीआरएम डालकर मार्ग को पूर्णत: आवागमन योग्य बनाया गया.